BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 09 अगस्त, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

शातिर लुटेरों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व लूटी हुई चैन(पीली धातु) बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08/09.08.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम जेवर अड्डे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर चोला रोड़ की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बदमाशों ने बाइक प्राणगड़ जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोड़ दी, कुछ दूरी पर बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश की पहचान शिवम पुत्र महेन्द्र निवासी मौ0 रामबाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर व गिरफ्तार बदमाश की पहचान रोहित पुत्र दीप चन्द निवासी मौ0 रामबाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस,बाइक व लूटी हुई चैन(पीली धातु) बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 06.08.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत मौ0 कायस्थवाड़ा में एक व्यक्ति से चैन लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 764/25 धारा 304(2)/317(2)/112 बीएनएस पंजीकृत हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- शिवम पुत्र महेन्द्र निवासी मौ0 रामबाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर
2- रोहित पुत्र दीप चन्द निवासी मौ0 रामबाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर

बरामदगी-

1- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस।
2- 01 बाइक सीडी डिलक्स (बिना नम्बर)
3- 01 चैन (पीली धातु)

गिरफ्तार अभियुक्त शिवम का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं 764/25 धारा 304(2)/317(2)/112 बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं 771/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त रोहित का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं 764/25 धारा 304(2)/317(2)/112 बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं 771/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 770/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 दल सिंह, उ0नि0 नीरज शर्मा, उ0नि0 विपुल कुमार, उ0नि0 निखिल सोलंकी, उ0नि0 श्रीओम गौतम
3. है0का0 भूपेन्द्र, है0का0 श्रीपाल, का0 राहुल कुमार, का0 शशिकांत।

मीडिया सेल बुलन्दशहर